दिनांकः 12.02.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ ने फ्रांस के ऐतिहासिक शहर मार्से में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्‌घाटन किया।

- प्रदेश में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत किए गए एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए रीको फास्ट ट्रैक मोड पर काम कर रहा है।

- राज्य में गोकुल मिशन के तहत 29 जिलों में लिक्विड नाइट्रोजन भंडारण क्षमता बढ़कर 93 हजार लीटर हुई।

- प्रयागराज महाकुंभ में माघ पूर्णिमा पर एक करोड़ 59 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ ने आज फ्रांस के ऐतिहासिक शहर मार्से में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्‌घाटन किया। इससे पहले दिन में दोनों नेताओं ने शहर में भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। दोनों नेता अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का भी दौरा करेंगे, जो एक प्रमुख वैश्विक पहल है जिसमें भारत और फ्रांस शामिल हैं। फ्रांस में अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद, प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निमंत्रण पर बाद में संयुक्त राज्य अमरीका की दो दिवसीय यात्रा के लिए रवाना होंगे।

000

प्रदेश में 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत किए गए एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए रीको तेजी से भूखण्ड आवंटित कर रहा है। इसी कड़ी में जयपुर के मातासुला औद्योगिक क्षेत्र में सोलर पीवी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना के लिए एक निजी कम्पनी को भूखंड आवंटित किये गये हैं। इस परियोजना के तहत डेढ़ गीगावाट सालाना क्षमता के सोलर पीवी मॉड्यूल का निर्माण किया जाएगा। उद्योग और वाणिज्य के प्रमुख शासन सचिव और रीको के चेयरमैन अजिताभ शर्मा ने कहा, "रीको का उद्देश्य संबंधित कम्पनियों को उपयुक्त भूखण्ड मुहैया कराने के साथ–साथ पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से पूरा करना है। उन्होंने कहा कि रीको की ओर से निवेशकों को साथ लेकर, भूखंड आवंटन सहित उनकी सभी जरूरतों को फास्ट–ट्रैक मोड पर पूरा करने का काम किया जा रहा है।

000

कांग्रेस नेता और विधायक सचिन पायलट ने राजस्थान लोक सेवा आयोग में व्यापक बदलाव की वकालत की है। आज जयपुर में पत्रकारों से बातचीत में श्री पायलट ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में आयोग की कार्यप्रणाली पर खड़े हुए सवाल से युवाओं का पूरी व्यवस्था से विश्वास उठ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इस बारे में बिना समय गंवाये कार्यवाही करनी चाहिए।

-------------------

श्री पायलट ने राज्य के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की ओर से फोन टैंपिंग के संबंध में दिये गये बयान को भी गंभीर मामला बताया। उन्होंने कहा कि फोन टैंपिंग के मामले में सरकार को जवाब देना चाहिए। श्री पायलट ने कहा कि किसी भी सरकार में यदि अवैध फोन टैपिंग होती है तो उसकी जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

000

राज्य सरकार ने बारां पंचायत समिति की सीमली ग्राम पंचायत की सरपंच संगीता अहीर और उप सरपंच नरेश कुमार को निलम्बित कर दिया है। इन दोनों पर मिली भगत से ग्राम पंचायत की ज़मीन का फर्जी पट्टा बनाकर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। सारे मामले की जांच पंचायतीराज मंत्री

मदन दिलावर के द्वारा करवाई गई थी। जिला परिषद सीईओ राजवीर सिंह ने बताया कि जांच के बाद विभाग ने दोनों के निलम्बन के आदेश जारी कर दिये।

000

भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकारी कामकाज के लिए सेवाएं देने वाले सभी बैंकों से आगामी 31 मार्च को अपनी सभी शाखाएं खुले रखने का परामर्श जारी किया है। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से इस बारे में अनुरोध किया गया था। रिजर्व बैंक ने इस संबंध में सभी बैंकों से प्रचार–प्रसार करने को भी कहा है।

000

प्रदेश में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत 13 जिलों में लिक्विड नाइट्रोजन के भंडारण के लिए तीन हजार लीटर के साइलो का आज वर्चुअल लोकार्पण किया गया। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने इसका शुभारंभ करते हुए बताया कि लिक्विड नाइट्रोजन पशु नस्ल सुधार के लिए किए जाने वाले कृत्रिम गर्भाधान में काम आता है। इस भंडारण व्यवस्था के लिए राज्य के 16 जिलों में तीन–तीन हजार लीटर क्षमता के वर्टिकल साइलो पहले स्थापित हो चुके हैं। इस तरह अब राज्य के 29 जिलों में वर्टिकल साइलो की स्थापना हो जाने से लिक्विड नाइट्रोजन की भंडारण की कुल क्षमता 93 हजार लीटर हो गई है।
इस अवसर पर पशुपालन मंत्री ने जयपुर जिले के मैत्री कार्यकर्ताओं को ए आई किट का वितरण भी किया। श्री कुमावत ने बताया कि जैसलमेर में कृत्रिम गर्भाधान कवरेज को बढ़ाने के उद्देश्य से मिशन उत्कर्ष जैसलमेर की शुरुआत भी की गई है।

000

झुंझुनूं जिले में टीबी रोकथाम के लिए जल्द ही एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन कैंपेन शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत जिला मुख्यालय पर जन जागरूकता के लिए आज नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई। रैली को शहीद पार्क से कलेक्टर रामावतार मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। झुंझुनूं के सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि टीकाकरण के लिए 71 हजार से ज्यादा लोगों ने पंजीकरण करवाया है और टीके लगाने का काम जल्द शुरू किया जाएगा।

--------------

000

समाचार महाकुंभ से –

---------------

प्रयागराज के महाकुंभ में आज माघ पूर्णिमा के अवसर पर दिन में 12 बजे तक एक करोड़ 59 लाख से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। इस दिन गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान करना शुभ माना जाता है। अब तक करीब 47 करोड़ 55 लाख श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

---------------

प्रदेश में आज माघ पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवरों में स्नान किया और मंदिरों में पूजा अर्चना की। मंदिरों में भी आज विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे हैं।
डूंगरपुर में शुक्ल पूर्णिमा पर बेणेश्वर मेले में भीड़ उमड़ी। बेणेश्वर धाम के पीठाधीश्वर अच्युतानंद महाराज के साथ हजारों भक्तों की ओर से पालकी यात्रा निकाली गई। सोम, माही और जाखम नदियों के त्रिवेणी संगम आबू दर्रा घाट पर श्रद्धालुओं ने शाही स्नान किया। सवाईमाधोपुर के रामेश्वर धाम स्थित त्रिवेणी संगम में अल सुबह से स्नान और दान पुण्य के लिए भारी भीड़ देखी गई।

000

आर्य समाज के संस्थापक और समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर आज उन्हें श्रद्धाभाव से याद किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के साथ–साथ भारतीय विरासत और संस्कृति के संरक्षण के लिए महर्षि दयानंद के प्रयास देशवासियों को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अपने सोशल मीडिया संदेश में लिखा कि स्वामी जी के विचार युगों, युगों तक सभी को राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। आज संत रविदास की जयंती भी है। वे 14वीं सदी के महान संत थे।

000

प्रदेश में दिन के समय गर्मी होने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हो रहा है। पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 33 डिग्री सेल्सियस

तापमान बाड़मेर मं रिकॉर्ड किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान सामान्य औसत से अधिक चल रहा है।

---------------

000

प्रदेश में आज अलग–अलग सड़क हादसों में सात लोगों की मृत्यु हो गई और सोलह घायल हो गए। सिरोही जिले के स्वरुपगंज क्षेत्र में आज ट्रक और ऑटो में टक्कर से चार लोगों की मौत हो गई। इस भीषण हादसे में नौ लोग घायल हुए हैं। घायलों में तीन की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आबूरोड रैफर किया गया है। स्वरूपगंज एएसआई ने बताया की सिरोही की तरफ से आबूरोड जा रहे ट्रक में लोहे की भारी मशीन रखी हुई थी। कोदरला के पास ट्रक ने आगे चल रहे ऑटो को टक्कर मार दी। इससे ट्रक के पीछे रखी मशीन केबिन को तोड़ कर बाहर आ गई। इससे ट्रक चालक और खालासी की भी मृत्यु हो गई।

उधर, धौलपुर जिले के मानिया इलाके में हुए सड़क हादासे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं पाली जिले के माण्डा गाँव के पास मेटाडोर पलटने से सात लोग घायल हो गए।

000

राज्य मानव अधिकार आयोग विधि विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण विषयों पर 15 दिन का प्रशिक्षण देगा। आयोग के अध्यक्ष न्यायाधिपति जी आर मूलचंदानी ने आज जयपुर में इस इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के तहत राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के विधि संकाय के 52 विद्यार्थियों को चुना गया है।

000